पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

साप्ताहिक

समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
+91 9479535569

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 17 | अंक 42 | प्रति सोमवार इंदौर, 20 से 26 मई 2024 | पृष्ठ 8 | मूल्य 5/- रुपए

धरती पर युद्ध कहीं भी हो फायदा अमेरिका को

रूस को बर्बाद करने यूक्रेन को सतत् हथियार आपूर्ति

विश्व में हर प्रकार की बर्बादी के लिए अमेरिकी कपटी संगठन, बहुराष्ट्रीय कंपनियां जिम्मेदार

विश्व भर में पिछली एक शताब्दी से पृथ्वी पर मानव सभ्यता के साथ पृथ्वी पर जल, वायु पशु पक्षियों फसलों वनों व भूमि की बर्बादी में अमेरिका की पूरे विश्व के विभिन्न काले, गोरे, गेहूंआ

मानवों की वर्णसंकर नस्ल जिम्मेदार है। प्रथम विश्व युद्ध के बाद बनाए विभिन्न संगठनों जिसमें संयुक्त राष्ट्र शैतान संघ UNO उसके अनुषांगिक संगठनों विश्व घातक व्यापार संगठन UTO, विश्व घातक स्वास्थ्य संगठन WHO का धरती पर पिछली एक शताब्दी का उनकी भूमिका का खेल देख ही लिया है। इन सब संगठनों को वहां की बहुराष्ट्रीय दवा हथियार व अन्य सामग्री बनाने वाली कंपनियां इन संगठनों को धन देकर अपने व्यवसाय को विकसित करने वहां की सरकारों को खरीद कर पैर जमाने कानून बनवाने और उसकी आड़ में अपना माल दवाई टीका हथियार बेचने का षड्यंत्र तो करती ही रही हैं। वर्तमान में भी अपने घातक टीके के परिणामों से युवाओं की हो रही मौत का तांडव देख ही रहे हैं। वर्तमान में लंबे समय से चल रहे रूस यूक्रेन व इजराइल गाजा युद्ध में भी अमेरिका लगातार इस युद्ध की आग में यूक्रेन को अपने समय बाधित पुराने हथियार मिसाइल जहाज ड्रोन टैंक गोला बारूद बंदूकें आदि देकर एक तरफ

यूक्रेन को नष्ट करने पर आमद है तो दूसरी तरफ प्रतिद्वंदी रूस को कमजोर कर अर्थव्यवस्था चौपट कर नष्ट करने का षड्यंत्र कर रहा है। बेशक युद्ध मानव सभ्यता के लिए से परिणाम घातक होने के साथ-साथ पृथ्वी की जलवायु को भी बर्बाद करते हैं पर इससे इन हरामखोरों को कोई फर्क नहीं पड़ता। उल्टे ही अमेरिकी हथियार निर्माता कंपनियां उनके प्रवर्तक संचालक अध्यक्ष सब बड़े ही खुश होते हैं। कंपनी के अंश धारियों को लाभांश का सुखद संदेश देते हैं। समाचार रिपोर्टों से पता चलता है कि विश्व स्तर पर सबसे उन्नत हथियार निर्माताओं में से एक, रेथियॉन और लॉकहीड मार्टिन, अपने निवेशकों को खुले तौर पर बता रहे थे कि यूक्रेन संघर्ष व्यापार के लिए अच्छा था। जैसा कि पुरानी कहावत है, युद्ध हमेशा व्यापार के लिए अच्छा होता है। और जैसे ही दुनिया दो साल तक चली भयावह कोविड-19 कोरोना वायरस महामारी से उभर रही है, जिसमें सभी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से गिरावट आई है, पिछले हफ्ते यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने अमेरिका, यूरोपीय और दुनिया भर के अन्य हथियार निर्माताओं के लिए एक बहुत आकर्षक जीवनरेखा फेंक दी है। जैसे ही दुनिया 21वीं सदी के शीत युद्ध के दौर में लौट रही है, भले ही और भी अधिक उन्नत परमाणु हथियारों के साथ, अमेरिका और नाटो देशों ने रूस की सीमाओं पर तैनाती के लिए अपनी सेनाओं को नवीनीकृत करना और अपनी व्यक्तिगत परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना शुरू कर दिया है। एक ऐतिहासिक पहल में, यूरोपीय संघ (ईयू) ने भी एक उचित कारण के लिए हथियार खरीदने और उन्हें यूक्रेन में स्थानांतरित करने का वादा किया है, जिससे वैश्विक सामग्री की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

(शेष पेज 6 पर)

क्या मोदी और शाह मणिपुर को पूरी तरह बर्बाद करके ही मानेंगे

म्यांमार आतंकियों ने मणिपुर में 997 गांव बसा रहवासियों का किया जीना दूभर

आतंकियों का स्वागत और रहवासियों का खात्मा क्या मोदी की पूंजीपतियों को जमीन सौंपने के षड़यंत्रों की सोची समझी रणनीति

मणिपुर में बेटे युवकों की जनजातियों के बीच में लगातार संघर्ष जारी है। सत्ता, प्रशासन और पुलिस मूक दर्शक बनकर आगजनी बलात्कार मार काट हिंसा की आग में घी झोंक मक्कारी से मुस्कुराते हुए ताप रहे हैं। दूसरी तरफ भारत की म्यांमार से 1643 किलोमीटर लंबी सीमा पर लगातार म्यांमार के आंतरिक गृह युद्ध के कारण वहां से लगातार हो रहे पलायन में म्यांमार के रोहिंग्याओं ने मणिपुर में लगभग 996 गांव बसा कर अपनी बस्ती बसाना शुरू कर दिया है। वहां के भाजपाई मुख्यमंत्री बीरेंद्र सिंह जो 2-3 साल से भारत सरकार को लगातार सारे जातिगत और म्यांमारी घुसपैठियों के उपद्रवों के बारे में लगातार सूचित कर रहे हैं पर सीमाओं पर चाहे पाकिस्तान कि गुजरात कच्छ से लेकर कारगिल लद्दाख तक की 1600 किलोमीटर लंबी सीमा पर और सिक्किम लद्दाख से लेकर म्यांमार तक चीन से लगती 4600 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ 1600 किलोमीटर लंबी सीमा पर नियंत्रण देखरेख और मजबूत भारतीय सेना की उपस्थिति दिखाने पाकिस्तान चीन और म्यांमार के आतंकीया सेना व उपद्रवियों की घुसपैठ को रोकने में पूर्णतः नाकामयाब असफल अक्षम होने के बाद भी खुले में मंचों से सच्चाइयों को छुपाने घोषणा करते रहे ना कोई देश की सीमा में घुसा है ना किसी ने अतिक्रमण किया है। कहकर सीमाओं पर मजबूत नियंत्रण करने की अपनी नाकामी को छुपाने के साथ घुसपैठियों को चारों तरफ से देश की सीमाओं में घुसकर गांव बसाने कॉलोनी काटने सड़के रेलवे लाइन बिछाने की खुली छूट दे रखी है।

बस समाचार पत्रों में सीमा पर हम यह कर रहे हैं सीमा पर हम वह कर रहे हैं यथार्थ में देश की सुरक्षा के नाम पर एक तरफ देश की 40 लाख की सेना को घटाकर 10 लाख करना। युद्ध होने पर आवश्यक गोला बारूद की आवश्यकता को 40 दिन से घटाकर 30, 25, 20, 15 और 10 दिन करना।

(शेष पेज 7 पर)

आईसीएमआर, आइएमए दोनों विश्व घातक संगठन के फ्रेंचाइजी

देश के 10 करोड़ व्यापारियों उद्योगों को नष्ट करने का षड्यंत्र

ESTD 1928
INDIAN MEDICAL ASSOCIATION

INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
NEW DELHI
नई दिल्ली

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

अमेरिकी वर्णसंकर प्रजाति के विश्व घातक संगठन जो अपने आप को विश्व स्वास्थ्य संगठन बताता और पूरे विश्व में अमेरिकी कंपनियों की दवाइयां टीके इंजेक्शन खाद्य पदार्थ बेचने के लिए दूसरे सभी देशों के सहस्त्रों वर्षों से प्रचलित उपयोग किया जा रहे मसाले अनाजों दलहन तिलहन फल फ्रूट सब्जियों खाद्य व पेय पदार्थों को स्वास्थ्य के लिए घातक बता कर रोकने प्रतिबंधित करने का षड्यंत्र करता है। यह हरामखोर जल साधु का संगठन सबसे पहले यह बताएंकी क्या उसने विश्व में प्रचलित भारत की सबसे प्राचीन लाखों वर्ष पुरानी चिकित्सा विज्ञान के आयुर्वेद जिसकी अनेकों शाखाएं हैं। जिसमें भारत के सनातन धर्म के मंत्रों से चिकित्सा से लेकर बृहत वनस्पतियों, जड़ी बूटियों मसालों फल फूल सब्जियों की औषधियों मौसम के अनुकूल भोजन की चिकित्सा से लेकर कुंडली के आधार पर ग्रहों की व्याख्या कर रत्नों से भी चिकित्सा करता आ रहा है।

विश्व घातक संगठन के षड्यंत्रों को फेल कर रहे भारतीय मसाले

यूरोप में यही आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति व मुस्लिम देशों में यूनानी चिकित्सा पद्धति के नाम से जाती है, जर्मनी की 600 साल-पुरानी सबसे सरल और सस्ती होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को पढ़ा समझा। उसके गुण दोषों का अध्ययन किया नहीं। हरामखोर एकों जालसाजों षड़यंत्र कारियों की फौज जिस एलोपैथी की बात करती है। उसका जन्म हुए मात्र 100 साल ही हुए हैं। और हर एलोपैथिक औषधि का स्वयं सारे एलोपैथिक डॉक्टर मानते हैं कि उसके साइड इफेक्ट होते हैं। फिर एक सरकारी विभाग में काम करने वाले डॉक्टर सेमेरी लंबी चर्चा हुईतो उसने एक बहुत ही आश्चर्यजनक तथ्य बताया। की एक बार किसी पत्रकार ने एक डॉक्टर से पूछाकि आपकी एलोपैथि क्या विज्ञान है या कला। तो डॉक्टर ने जवाब दियाकि यह कला भी है और विज्ञान भी। यह कला के रूप मेमानव जीवन को बीमारियों से सुरक्षित करने की कला हैतो दूसरी तरफ विज्ञान के रूप में यह संभावनाओं का विज्ञान है

(शेष पेज 2 पर)

संपादकीय

आधार व उपलब्धिहीन मुद्दों व करोड़ों की मौत के बाद भी फिर चाहिये सत्ता

इंडिया गठबंधन क्यों चुनाव को मूल मुद्दों पर टिका रहा है और क्यों भाजपा मुसलमान व राम मन्दिर के नाम पर भटका रही है। इस बार का चुनाव दिलचस्प तो है मगर इसे विषैला बनाते विघटन पर भी खींचा जा रहा है. क्योंकि भाजपा इसे मुस्लिम लीग, जिन्ना, मुस्लिम आरक्षण व हिन्दू मुस्लिम उन्माद पर दांव दौड़ा रही है वहीं इसके मुक़ाबले कांग्रेस द्वारा जनमानस हेतु पाँच न्याय व पच्चीस गारंटियों का फ़लसफ़ा ज़्यादा मज़बूत हुआ देख भाजपा ने मंगलसूत्र, संपत्तियों व जायदाद छीने जाने का भय बताया तो शोषितों का संवैधानिक आरक्षण व चालीस करोड़ अल्पसंख्यक धर्मियों के संवैधानिक सुरक्षा के संरक्षण को ख़त्म करने के लिए संविधान को ख़त्म करने के इंडिया गठबंधन के आरोपों को जब ज़बरदस्त समर्थन मिलता दिखा तो भाजपा की ओर से देश का ध्यान बांटने के लिए अब मोदीज़ी कह रहें कि इंडिया गठबंधन जीता तो वे कभी कहते हैं कि राम मंदिर पर ताला लग जाएगा व कभी कहते है कि राम मंदिर पर बुलडोज़र चलवा दिया जाएगा.और अब योगी तो दो कदम आगे बढ़कर कह रहे हैं कि यह चुनाव तो रामभक्तों रामद्रोहियों के बीच है.वहीं इंडिया गठबंधन तो इसे विनाश थोपकर देश को तबाह बनाने वाले मोदी के एनडीए गठबंधन और विकास व समृद्धि के पक्षधर इंडिया गठबंधन के बीच का चुनावी संघर्ष बता रहे हैं और कह रहें कि करोड़ों करोड़ के चंदा उगाई के धंधाखोर बन प्रजा को मौत देने वाले असुरों की संरक्षक भाजपा के मुक़ाबले प्रजा के महान हितों का संरक्षण करने वाले इंडिया गठबंधन के बीच का घमासान बता रहे हैं.

इण्डिया गठबंधन भीषण मंहगाई, कमरतोड़ मूल्यवृद्धि, भयावह बेरोज़गारी, गरीबी, भूखमरी कुपोषण, आर्थिक उत्पीड़न,सरकारी टैक्सों का भयावह बढ़ता व कुचलता जाल, शिक्षा, स्वास्थ्य व बुनियादी ज़रूरतों में पिछड़ते हालात निर्यात, उत्पादन क्रय शक्ति,माँग शक्ति,बचत शक्ति, मुद्रा स्फीति,भारतीय मुद्रा का सदी का सबसे बड़ा अवमूल्यन,दो सौ अरब पार घाटा और सत्तर वर्षों के मुक़ाबले तीन गुणा से अधिक विदेशी क़र्ज़ लाकर सैकड़ों पीढ़ियों को क़र्ज़दार बनाने के साथ सरहदों पर कब्ज़े के बावजूद मोदी सरकार के घुटने टेक देने की असफलता को इस चुनाव के मुद्दे बना भाजपा को घेर रही है वहीं भाजपा अपने द्वारा किए काम, विकास, योगदानों को लेकर एक शब्द न बोलकर सिर्फ़ चुनाव को मुसलमान से लेकर मन्दिर तक ही सीमित किए हुए चुनाव को मुद्दाविहीन बना रही है क्योंकि चुनाव बहुत ज़्यादा फँस गया है.एक बात है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा की ओर से चार राज्यों के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक तो कहते हैं कि भाजपा को लगेगा कि चुनाव हार रही तो वो श्रीराम मन्दिर पर हमला भी करा सकती है और वो किसी भी हद तक जा सकती है. या फिर चुनाव आयोग की मिलीभगती से चुनाव जीतने के ही परिणाम आते हैं.यही सब कौतूहल इस चुनाव को लेकर चल रहा है.

एंटी इवेजन को धारा 68 व 71 के अधिकार क्यों नहीं

सीजीएसटी निरंतर छापे व जांच की करता है कार्यवाही

प्रदेश के सभी 40 से ज्यादा नाकों को खोल प्रवेश पर मालवाहकों की हो जांच

देश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के इशारे व मोटे फायदे के लिए व छोटे व्यापारियों उद्योगों को उलझा कर खत्म करने जब माल एवं सेवा कर बिना पूरी तैयारी किये थोपा गया। तब बड़ी-बड़ी घोषणायें स्वंय मोदी ने महीनो तक अपनी बहादुरी दिखाने महान बनने चेहरा चमकाने टीवी पर की गई थी। एक देश एक कर।

एक बार भर फिर माल सेवाओं पर कहीं कोई कर नही लगेगा। जब एक बार माल किसी उद्योगपति उत्पादक ने बेच दिया। तो फिर व्यापारियों छोटे विक्रेताओं को परेशान क्यों किया जाता है? क्यों उससे अनेकों प्रकार की आपवादिक विवरणियां मांगी व जमा करवा पूरी विक्रय श्रृंखला को विवर्णियां समय पर जमा ना करने विलंब होने पर ब्याज दंड आदि में उलझाया व वसूली की जाती हैं?

वैसे भी 1 जुलाई 2017 को जीएसटी ठोकने के बाद 2440 दिन गुजर जाने के बाद भी लगातार 7000 से ज्यादा संशोधन कर छोटे व्यापारियों उद्योगों को उलझाने खत्म करने कर भुगतान में चूक या गलती होने पर गिरफ्तारी की व्यवस्था कर समाज में बदनाम कर आर्थिक सामाजिक को चौपट करने के लिए कर दिए गए।

दूसरी तरफ मोदी ने अपने खास मित्रो अडानी अंबानी टाटा बिरला को आपवादिक रूप से अनेकों धाराओं में छूट देकर कई गुना लाभ कमाने का अवसर दे प्रतियोगी बाजार में उनके प्रतिद्वंदी उत्पादक विक्रेताओं को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी ठोकने के बाद कुछ महीनों तक सभी प्रकार के सामानों की कीमतें कम हुई? परंतु मोदी आका ने उन सभी बड़ी वस्तुओं के उत्पादको वस्त्रो वाहनो से लेकर भारी मशीनरी से लेकर इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक गुड्सव अन्य सभी प्रकार के उत्पादको सैकड़ोंहजारो करोड़ो में वसूली कलसारी कीमतों को जरूर बना कर सरकार सारे टैक्स कि दरों को बढ़वाकर कई गुना कमाई की गई। जो कांग्रेस सरकार मेंवो ढाई सौ वस्तुओं पर वेट लगाया जाता था मोदी ने धीरे-धीरे करते-करते 1500 से ज्यादा वस्तुओं और सेवाओं परठोकर लाखो करोड़ऑन के जीएसटी का लाभ कमाया अवश्य परंतु राज्यो को उनका कर का हिस्सा नही चुकाकर परेशान करने का षड्यंत्र किया। जैसा की मैं सन 2006 से लगातार इस जीएसटी के षड्यंत्र के बारे में लिख रहा था। वॉइस सर्च वैसा का वैसा ही 7 साल में पूरी तरह से सामने आ चुका है।

हालत यह है कि जिस जीएसटी कांउसिल ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अपने पूंजी मित्रो अडानी अंबानी टाटा बिरला आदि के किराए के लेखाकारों या चार्टर्ड बनाम करप्ट अकाउंटेंट के गिरोहों की सलाह से यह कर प्रणाली तैयार कर बनाई थीवह आज तक ना तो जीएसटी कांउसिल के सदस्यों को ढंग से समझ मे आई ना ही केंद्रीय कस्टम सीजीएसटी के आयुक्त से लेकर संयुक्त, उप, सहायक आयुक्तो अधिकारियों निरीक्षको तक को समझ नही आई चर्चा करने परबताते हैं। जब तक हम किसी तथ्य को समझने की कोशिश करते हैं तब तक नया संशोधन आ जाता है। यही हाल देश के लगभग 10 करोड़ से ज्यादा करदाताओं का है। वे बताते हैं कि हम हर नये संशोधन के हिसाब से कर भुगतान कर जब तक विवरणी जमा करते या करने जाते हैं। तब तक उलझाने वाला नया संशोधन प्रकट हो जाता है और हमको उसमें उलझा कर ब्याज और दंड की व्यवस्था पूरी करनी पड़ती है। तो आखिर जाहिल डकैत लुटेरों की सरकार कब तक अपने ही देश के गणमान्य व्यापारियों उद्योगों जो करोड़ो लोगों का पेट भरते हैं रोजगार देते हैं। अर्थव्यवस्था चलाते हैंको बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मोटे फायदे के लिए परेशान प्रताड़ित किया जाता रहेगा। और किसी प्रकार की चूक होने पाए जाने पर इस गिरफ्तारी तक की व्यवस्था है जिसे तत्काल बदला जाना चाहिए। आखिर वे गुड़ मॉर्निंग नागरिक है देश की सरकारो को कर चुके हैं सरकार चलाते हैं और उसके बाद में भी छल कपट से प्रस्तावित करके आखिर गिरफ्तार क्या किए जाते हैं। जब 7 साल गुजर चुके हैं कब तक संशोधन होते रहेंगे?

दूसरी तरफ जब माल की बिक्री के समय उस के बिलो में स्पष्ट राज्य व केंद्र सरकार के अलग-अलग कर की व्याख्या होती है। तो सीधे ही राज्य सरकारों की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने राज्यो के खातो में अंतरित क्यो नहीं किया जाता?

राज्यों के कर विभागो मे वर्षों से भर्ती न होने के कारण स्टाफ की भारी कमी है जिसे शीघ्र दूर किया जाना चाहिए।

वर्तमान में पूरे वाणिज्य कर विभाग में बिना परीक्षा और विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकों के निर्णय के बिना ही मोटा प्रभार लेकर विभाग में उच्च पदो पर बैठने का चलन हर विभाग की तरह यहां भी पिछले कई सालो से अनवरत चल रहा है। जिसमें अधिकांश घोर भ्रष्ट जालसाज भी भी बड़े पदों पर बैठा दिए हैं। प्रदेश में 6 एंटी एवेजन ब्यूरो की की शाखाएं पूर्व से कार्यरत होने के उपरांत भी इन्हे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से सीधा महीना मिलने के कारण क्योंकि वर्तमान में हालात यह है कि गांव की किराना दुकानों से लेकर शहरों के बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल तक बहुराष्ट्रीय कंपनियों का घातक कीटनाशक व रसायन युक्त पैकेज्ड खाद्य पदार्थ व अन्य घरेलू आवश्यकता के उत्पाद मालवाहको सेआपूर्ति कर बेचे जा रहे हैं। अब क्योंकि उनका संबंध दिल्ली से लेकर भोपाल तक मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, प्रधान सचिव, आयुक्त सीधा रहता है इसलिए उनको सीधा महीना पहुंचा देते हैं। यही कारण है कि आयुक्त अपने ही 6विभाग की एंटी विजन ब्यूरो विंग और सभी 80 वृत्तो के अधिकारियों को मैदान में जाकर धारा 68 और 71 के अंतर्गत माल वाहनो की जांच के नियमित अधिकार पिछले 3 सालो से नही दे रहा है। जबकि माल वाहनो की जांच प्रदेश के 40 से ज्यादा कर नाको पर ही पुनः खोलकर की जानी चाहिए और यदि मोदी के मित्रो के कारण नहीं खोली जा पा रही है। तो मोदी के जाने पर पुनः खोलकर प्रदेश के राजस्व को बढ़ाया जाना चाहिए। दूसरी तरफ भोपाल में एंटी इवेजन में वर्षों से कुंडली मारे बैठे उपायुक्त गणेश कंवर को तत्काल हटाई जाना चाहिए, ठीक है मोटी कमाई कर बैठे रहने के लिए मोटा भुगतान कर रहा है। परंतु बपौती तो किसी की नही है। अधिकांश महिला अधिकारी जो 12:00 बजे आती है। और 4:00 बजे गायब हो जाती हैं। के साथ ही सभी अधिकारियो की भी उपस्थिती फजक पर या वैद्युतकीय उपस्थिति यंत्र पर होनी चाहिए। वैसे कुछ दिन पूर्व भी अपर आयुक्त श्रीमती रजनी सिंह ने अचानक चेतक चेंबर मे चुनाव से पूर्व जांच की थी। बाद में वृत्तो व संभागीय कार्यालय के अधिकारियों को अनुपस्थिति के संबंध में चमकाने के लिए पत्र भी जारी किए थे। जिससे थोड़ी गर्मी आई थी।

वाणिज्य कर विभाग में जब 1 जुलाई 2017 को जीएसटी ठोक दिया गया। पुराने नियम कानून परिपत्र सब अपास्त कर दिए गए। नई जीएसटी में किसी भी प्रकार से कोई जानकारी सूचना का अधिकार में देने के लिए प्रतिबंधित नही किया गया, तो भी हरामखोर जालसाजो के अड्डे मुख्यालय से लेकर प्रदेश के 6 एंटी इवेजन विंग, सभी वृत, अपील, संभागीय अंकेक्षण कार्यालय जानकारी देने से कैसे बच सकते है? फिर भी हरामखोर जलसाज जानकारी न देने के लिए दलील देते रहते हैं। जहां तक धारा 4 के 25 बिंदुओं का सवाल है। साधनो की कमी स्टाफ का अभाव बता कर 19 साल से बच रहे हैं। यही कारण है कि हर नया आयुक्त आते ही कंप्यूटरो प्रिंटरो की भारी मोटे कमीशन पर खरीदी करता है। संभाग दो इंदौर के बारे में मैंने पूर्व में लिखा था की किस प्रकार से पुराने कंप्यूटर प्रिंटर सर्वर व अन्य अनुपयोगी सामग्री मिट्टी के भाव बेचने का षड्यंत्र कर मोटी कमाई की गई। पर आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

देश के 10 करोड़ व्यापारियों उद्योगों को नष्ट करने का षड्यंत्र

पेज 1 का शेष

तब मैंने चौंक कर पूछा कि एलोपैथी जब संभावनाओं का विज्ञान है। तो ट्रायल एंड एरर या कोशिश करो सफलता मिलने तक गलतियां करो। अर्थात किसी भी बीमारी में किसी भी दवा को दे दो, ठीक हो गया तो ठीक है और मर गया तो मर गया। जैसे हाल ही के कोविशील्ड के बूस्टर आदि के टीके से संभावना जिंदगी की बता कर जबरदस्ती मोटी कमाई करने 100 करोड़ लोगों को लगाया, अब अगर लोग अचानक हार्ट अटैक से मर रहे है तो मरना उनकी नियति है।

जबकि आयुर्वेदिक यूनानी और होम्योपैथी में संभावनाओं का सिद्धांत नहीं मानव शरीर में उत्पन्न हुए लोगों को निकटतम प्राप्त शारीरिक बीमारियों के लक्षण और उससे उत्पन्न उपद्रवों के समन की निश्चित औषधीयों से व्यवस्थाएं की जाती है। यही हाल लाखों सालों से उपयोग किया जा रहे अनाजों दलहन तिलहन फल फूल सब्जियां मसाले जो सभी आयुर्वेदिक औषधियां भी हैं। मानव की क्षुधा शांत करने शरीर को ऊर्जा देने के लिए बनाए गए भोजन में उपयोग किए जाने से स्वादिष्ट एवं रुचिकर हो जाता है।

पर उन खाद्य पदार्थों के औषधि एवं चिकित्सीय गुणों को नष्ट करने एवं अधिक मात्रा में पैदा करने के लिए जो अन्य प्रकार के कीटनाशक खाद आदि का प्रयोग किया जा रहा है उनसेउनमें विषैले तत्वों की मात्रा रासायनिक विश्लेषण में पाई जाती है जिसके लिए स्वयं अमेरिका और उसकी बहुराष्ट्रीय कंपनियां ही जिम्मेदार हैं। बेशक अमेरिकी कंपनियां कबीलो पर नियंत्रण व मोटी कमाई के षड्यंत्रों के लिए जो हाइब्रिड, जीएम जेनेटिकली मॉडिफाइड और बीटी बायोटेक्निकल मोडिफाइड बीज तैयार किए गए। उन्होंने अपनी लाखों साल पुरानी अनुवांशिक औषधि गुणवत्ता खोने के साथ वे मानव शरीर के लिए भी घातक होने लगे हैं उसके लिए भी अमेरिका ही जिम्मेदार है।

शासन के 10 साल की उपलब्धियां गिनाने को नहीं

5वें व अंतिम चरण के भाषणों में उपलब्धिहीन सत्ताधीश... विपक्षी घोषणा पत्र पढ़कर व्याख्या कर रहे, स्वयं के खाते में तो बर्बादियां हैं

दो-तिहाई सीटों पर मतदान के बाद पीएम मोदी को आगे की राह नहीं सूझ रही...

चार चरण के चुनावों के बाद अब देश ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जहां से एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के लिए रस जीतने के लिए दिन-रात एक करने की जरूरत है। अप्रत्याशित रूप से इस बार के चुनाव में भारी उलटफेर देखने को मिल रहा है। जैसे-जैसे चुनाव अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है, आम लोगों के भीतर का जमा गुस्सा मतदान पेटियों में जमा होकर सत्तारूढ़ दल के लिए एक बड़े बवंडर के तौर पर तब्दील हो रहा है। भाजपा-आरएसएस नेताओं और कार्यकर्ताओं के उत्साह में कमी और विपक्षी एकता में लगातार इजाफा हो रहा है।

शायद ही किसी ने इस बात की कल्पना की हो कि जमीन पर आम मतदाताओं के रुख और कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणापत्र के आगे भारी बहुमत से जीतने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा के सबसे बड़े नेता नरेंद्र मोदी को अपने भाषणों में 10 वर्षों के कामकाज और 2047 के विजन डॉक्यूमेंट की जगह कांग्रेस के घोषणापत्र और गारंटियों को अपने भाषणों का आधार बनाना पड़ेगा। हिंदू-मुस्लिम, मंगलसूत्र, भैंस और टेंपो में अडानी-अंबानी द्वारा नोट भर-भरकर कांग्रेस के दफ्तर में खेप पहुंचाने जैसे बचकाने बयानों के बाद जौनपुर की सभा में उन्होंने उत्तर-दक्षिण भारत विवाद तक को हवा देने की कोशिश की।

हर चरण के बाद भाजपा के लिए मुश्किलें पहले से ज्यादा

बता दें कि चार चरण के बाद दक्षिण भारत का चुनावी अभियान पूरा हो चुका है। तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल के बाद चौथे चरण में आंध्र और तेलंगाना राज्य के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। अब सारा फोकस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों सहित दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की ओर शिफ्ट हो चुका है। बनारस में हुए भव्य रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री को छोड़ एनडीए के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे थे।

अब खबर आ रही है कि इतने बड़े पैमाने पर सरकारी तामझाम और पानी की तरह पैसा बहाने के बावजूद विभिन्न राज्यों से भाजपा के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने स्थानीय मतदाताओं के मुंह का जायका बिगाड़ दिया है। इस भव्य आयोजन को इस उम्मीद से भी किया गया था, ताकि पूर्वांचल सहित यूपी से सटे बिहार के लोकसभा क्षेत्रों को भी प्रभावित किया जा सके। लेकिन इसके लिए आम मतदाताओं का मूड अगर मौजूदा सरकार के पक्ष में हो, तभी इसका सकारात्मक असर भी पड़ता, जिसके लिए कुछ खास नहीं किया जा रहा है।

महिला वोटरों के बीच भाजपा की लोकप्रियता में कमी

इस बार चुनाव में कम वोटिंग को लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन के समर्थकों का यह तर्क काफी हद तक गले उतरता है कि सरकार के खिलाफ वोट करने वाले तो वोटिंग को ले आ रहे हैं, लेकिन मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल से निराश उनके समर्थक इस बार वोटिंग के लिए खास उत्साहित नहीं हैं। द इंडियन एक्सप्रेस ने भी अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि इस बार महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत गिरा है। कुछ राज्यों को छोड़ दें तो अधिकांश राज्यों में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं कम मतदान के लिए आगे आई हैं। रिपोर्ट में यह भी देखा गया है कि 2019 में जिन सीटों पर भाजपा जीती थी, उन सीटों पर इंडिया गठबंधन की तुलना में कम मतदान हुआ है। तीन चरण के चुनावों पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पुरुष मतदाताओं के वोट प्रतिशत में 2.1% की गिरावट की तुलना में महिलाओं के मत प्रतिशत में 2.7% की गिरावट देखने को मिल रही है।

पिछले दो आम चुनावों में आमतौर पर देखा गया था कि महिला मतदाताओं का रुझान पीएम नरेंद्र मोदी के पक्ष में अधिक रहा है। लेकिन 2019 के बाद उत्तर प्रदेश, मणिपुर और दिल्ली में पहलवान महिला खिलाड़ियों के साथ सरकार ने जिस प्रकार की बेरुखी और महिला विरोधी रुख दिखाया है, उसने मोदी की 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ' नारे की हवा निकाल दी है। उज्ज्वला गैस स्कीम के तहत जिन करोड़ों महिलाओं को लकड़ी के धुएं से निजात दिलाने की बात मोदी जी ने कही थी, 5 वर्ष में दोगुने सिलेंडर के दामों से गरीब महिला मतदाता खुद को छला महसूस कर रही हैं। इसके विपरीत, दिल्ली और कर्नाटक में महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा जैसी योजनायें आकर्षित कर रही हैं, और कांग्रेस की महिलाओं और महिला श्रमिकों के लिए किये जा रहे वादों के प्रति आकर्षण बढ़ा है।

अब उत्तर बनाम दक्षिण भारत को तूल देने की कोशिश

कल पीएम नरेंद्र मोदी जौनपुर और प्रतापगढ़ संसदीय लोकसभा के अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कुछ नए विवादों को हवा दे गये। मोदी ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक दल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा, 'ये कांग्रेस और सपा के खेल खतरनाक हैं। ये दो शहजादे यहां पर आपसे वोट की मांग कर रहे हैं। यहां पर इन शहजादों की नीति आपसे वोट मांगने की है, जबकि दक्षिण में ये उत्तर प्रदेश के लोगों को अपमानित कराते हैं, गालियां दिलवाते हैं। उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए दक्षिण में अनाप-शनाप भाषा बोलते हैं। ये लोग सनातन धर्म को गालियां दिलवाते हैं। इनके साथी तमिलनाडु में डीएमके के लोग हों, कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस के लोग हों, ये लोग यूपी के लोगों को गालियां देते हैं। जब इनसे कहो तो सपा और कांग्रेस वाले अपने कान में रुई डाल लेते हैं। क्या इंडी गठबंधन को माफ़ कर देंगे क्या? हम यूपी के लोगों को गाली देने वालों को माफ़ कर देंगे क्या?'

इसके बाद उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा, 'साथियों विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को जिताना है, हम भारत को मजबूत बनाना है।' इसके बाद उन्होंने पूर्वांचली लहजे

में कहा, 'ई बतावा हम इहां से जीत के लिए आश्वस्त होई के जाईं ना? बोला? अरे फिर से बोला? मछली शहर में भी कमल के फूल खिली न? बोला खिली न?'

जौनपुर सीट पर भाजपा ने पूर्व कांग्रेसी कृपाशंकर सिंह को मुंबई से आयातित किया है। इस सीट पर बाहुबली और पूर्व सांसद धनंजय सिंह के दावे के बाद उनकी गिरफ्तारी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के साथ उनकी नजदीकियों की चर्चा के बीच उनकी पत्नी श्रीकला रेड्डी को बसपा ने अपना उम्मीदवार बनाकर मुश्किल खड़ी कर दी थी। लेकिन पिछले दिनों अचानक से बसपा ने उनका नाम वापस ले लिया, और बेंगलुरु में गृहमंत्री अमित शाह के साथ प्रतापगढ़ के कुंडा के विधायक और बाहुबली राजा भैया की मुलाकात के बाद धनंजय सिंह का भी भाजपा को समर्थन ने जौनपुर संसदीय क्षेत्र की जनता को असहाय सा बना दिया था। लेकिन दो दिन पहले राजा भैय्या के समाजवादी पार्टी के पक्ष में 3 संसदीय क्षेत्र पर समर्थन की घोषणा ने भाजपा के बने बनाये खेल को बिगाड़ दिया है। इससे यह भी पता चलता है कि उत्तर प्रदेश की हवा कैसे तेजी से बदल रही है, जो राजा भैय्या जैसे लोगों को भी पाला बदलने के लिए मजबूर कर रही है।

इसी प्रकार प्रतापगढ़ में भी सभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने जी20 की अध्यक्षता और मून मिशन की सफलता से अपनी बात शुरू कर विपक्ष के उन्हें सत्ता से हटाने की मंशा पर सवाल खड़े किये। अपने भाषण से उन्होंने यह जाहिर करने की कोशिश की कि स्थिर और मजबूत सरकार ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम है। उनका इशारा इंडिया गठबंधन के 27 दलों की मिलीजुली सरकार की संभावना के मद्देनजर थी। उन्होंने अपने भाषण में कहा, '5 साल में पांच पार्टी के पांच पीएम। हर साल एक नया पीएम। लूट का बराबर मौका दिया जायेगा। क्या आपको हर साल नया पीएम मंजूर है? ये देश को बर्बाद करेंगे या नहीं करेंगे?'

ध्यान से देखें तो पीएम मोदी स्वयं मान रहे हैं कि इंडिया गठबंधन बहुमत पाने के नजदीक है। ऐसे में उसके खिलाफ अस्थिर और समझौतावादी सरकार बनाने की आशंका को अगर मतदाताओं के गले उतारा जा सके तो वे भाजपा के पक्ष में वोट दे सकते हैं। यह एक बड़ा शिफ्ट है, जिसे नोट किया जाना चाहिए।

जीडीपी वृद्धि और उसका सच

देश की जीडीपी को लेकर उनके द्वारा दिया गया ज्ञान तो हैरान करने वाला था। पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ के मतदाताओं को संबोधित करते हुए बताया, 'देश आजाद हुआ तो हम दुनिया में छठे स्थान पर थे। इन लोगों ने देश को ऐसे चलाया कि हम 6वें स्थान से खिसककर 11वें स्थान पर चले गये थे। फिर आपने मोदी को मौका दिया और आज हम देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया के नंबर 5 पर ले आये हैं। लेकिन मोदी इतने से खुश होने वाला और रुकने वाला नहीं है। हमने तय किया है कि तीसरी बार सरकार में आने पर हम हिंदुस्तान को दुनिया में तीसरे नंबर की ताकत बनाकर रहेंगे। ये मोदी की गारंटी है।'

अब ये ज्ञान मोदी जी किस आधार पर जी में बांट रहे हैं? 1947 में जब देश आजाद हुआ था, तब देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद थी, और विश्व की जीडीपी में भारत का योगदान 3% था। 1987 के आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था को महज 283.75 बिलियन डॉलर बताते हैं। 2004 में जब मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार बनी थी, भारत की अर्थव्यवस्था 721.59 बिलियन डॉलर की आंकी गई थी जो 2014 में बढ़कर 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी थी। इसका अर्थ है 10 वर्षों में भारत में करीब तीन गुना वृद्धि हुई थी। इसकी तुलना में मोदी राज के 10 वर्षों में यह बढ़कर 2023 में 4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंची है, जो पिछले दस वर्षों में दोगुनी हुई है। जीडीपी में भारत से आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं, जिनमें जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ने के लिए भारत को 2-3 वर्ष और लगेंगे, क्योंकि दोनों देशों की विकास दर 1% के आसपास रहने वाली है। यह बात विश्व में सभी जानते हैं, इसलिए मोदी सरकार या कोई भी सरकार आये भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता है।

बड़ा सवाल है क्या भारत की बहुसंख्यक आबादी के शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दे पर पीएम मोदी अपनी चुप्पी तोड़ेंगे? प्रेस के समक्ष पिछले दस साल से कतराने वाले प्रधानमंत्री आजकल ताबड़तोड़ आयोजित इंटरव्यू दे रहे हैं। कल ही आजतक और इंडिया टुडे ग्रुप के चार पत्रकारों से 90 मिनट लंबी बातचीत में उनके साधारण से सवालों पर अपने मन की बात सुनाते हुए पीएम एक बार भी महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर, किसानों को दोगुनी आय के मुद्दे पर पूरी तरह से खामोश बने रहे। 2024 का चुनाव अब एक तिहाई रह गया है। 20 मई को 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। भाजपा से आस लगाये करोड़ों हिंदू आस्थावान मतदाता अभी भी रोजगार, किसान और अग्निवीर के मुद्दे पर राहुल गांधी की तरह ठोस गारंटी सुनना चाहते हैं। लेकिन पिछले 10 वर्षों से देश को धर्म और विभाजनकारी नीति पर हांकने में सक्षम भाजपा के लिए 2004 के अपने चुनावी वादों को दोहराने में कितनी शर्मिंदगी महसूस हो रही है, इसका अनुमान सहज लगाया जा सकता है। बिग कॉर्पोरेट परस्त नीतियों से बहुसंख्यकों की रोजी-रोटी और शिक्षा-स्वास्थ्य के मुद्दों पर लौटना महज मृग-मरीचिका साबित होने जा रही है, जिसे राहुल गांधी लगातार केंद्र में रखकर 4 जून को भाजपा की विदाई से जोड़, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लिए संकट को बढ़ाते जा रहे हैं।

साप्ताहिक समय माया

गर्मी में बच्चों को पिलाएं ये हेल्दी ड्रिंक्स

रहेंगे पूरे दिन एनर्जेटिक और हाइड्रेटिड

गर्मियों में ये सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा पूरे दिन सक्रिय रहता है और डिहाइड्रेशन को रोकता है। इसके लिए उन्हें पौष्टिक और ताजा भोजन और पेय प्रदान करना महत्वपूर्ण है। ऐसे में आज हम आपके बच्चे को गर्मियों में एनर्जेटिक बनाएं रखने के लिए कुछ ड्रिंक्स बताने जा रहे हैं जिनके सेवन से आपका बच्चा गर्मी को मात देकर पूरे दिन एक्टिव बना रहेगा, तो चलिए जानते हैं।

छाछ

गर्मियों के लिए एक बढ़िया पेय है छाछ। इसके लिए आप 1 भाग दही लीजिए और इसमें 4 भाग पानी डाल कर अच्छी तरह मथ लीजिए। फिर धनिया पत्ती डालें, एक चुटकी नमक डालें, जीरा और हींग के साथ तड़का लगाएं और बस आपकी छाछ तैयार है।

नारियल पानी

यह गर्मियों के लिए आदर्श आहार है। यह तुरन्त हाइड्रेट करता है, एक प्राकृतिक चिलर के रूप में कार्य करता है, और इसमें खनिजों और ट्रेस तत्वों का खजाना होता है जो आपको इंस्टेंट एनर्जी प्रदान कर सकता है। प्रतिदिन 1 गिलास नारियल पानी गर्मियों की परेशानियों को दूर रख सकता है।

नींबू पानी

नींबू पानी का एक दैनिक गिलास आपके बच्चे को आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट्स और पानी को भरने में मदद कर सकता है। आप नींबू पानी में पुदीने के पत्ते, जीरा पाउडर, थोड़ा सा सेंधा नमक और कुछ भीगे हुए चिया बीज आदि जैसी सामग्री मिला पी सकते हैं। इससे नींबू पानी का स्वाद अच्छा हो जाएगा।



सत्तू

सत्तू को भुनी हुई चना दाल से तैयार किया जाता है। ये एक प्राकृतिक शीतलक होता है इसके साथ ही ये प्रोटीन का भी एक अच्छा स्रोत है। इसके लिए आप सिर्फ एक गिलास सत्तू ड्रिंक में कुछ किशमिश और चीनी या गुड़ मिलाकर दें। इससे आपके बच्चे में पूरे दिन के लिए पर्याप्त ऊर्जा होगी।

तरबूज

सबसे रोमांचक मौसमी फलों में से एक, यह पानी से भरपूर, पोषक तत्वों से भरपूर फल गर्मियों के लिए मेन्यू में होना चाहिए। अगर बच्चा तरबूज खाने में नखरे करता है, तो इसे कुछ पुदीने की पत्तियों के साथ मिलाकर जूस बनाकर सेवन करें।

इन पत्तियों को पानी में उबालकर पीने से कंट्रोल में रहेगा फास्टिंग शुगर

अगर आपको डायबिटीज की बीमारी है तो आपको अपने घर में इंसुलिन का पौधा लगाना चाहिए। दरअसल, इंसुलिन का पौधा, डायबिटीज में शुगर कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। दरअसल, इन पत्तियों के अर्क में कुछ ऐसे गुण होते हैं जो कि इंसुलिन को बढ़ाने और शुगर पचाने में मदद करते हैं। आज हम आपको फास्टिंग शुगर कंट्रोल करने में इन पत्तियों के सेवन के बारे में बताएंगे। साथ ही जानेंगे इसका इस्तेमाल कैसे करें और फिर इन्हें इस्तेमाल करने के फायदे।

उबालकर पिएं इंसुलिन का पानी

अगर आपका शुगर कंट्रोल में नहीं रहता तो आपको इंसुलिन की पत्तियों को उबालकर इसके पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए पहले इंसुलिन के पौधे से कुछ पत्तियों को तोड़ लें और फिर इसे धो कर 1 गिलास पानी में उबालते हुए पकाएं। जब ये पानी कम हो जाए और इसका रंग हरा हो जाए तो ऊपर से थोड़ा नमक मिलाएं। इसके बाद इस पानी का सेवन करें।

कब-कब पिएं-इंसुलिन का पानी

इंसुलिन का पानी पीने के कई फायदे हैं लेकिन, इसके लिए आपको इसे लेने के सही समय के बारे में जानना चाहिए। जैसे कि अगर आप फास्टिंग शुगर कंट्रोल करने के लिए इसे पी रहे हैं तो इसे शाम को या रात में सोने के दौरान पिएं। ये आपके शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ाकर शुगर मेटाबोलिज्म तेज करता है जिससे फास्टिंग शुगर को कम करने में मदद मिलती है।

इंसुलिन का पानी पीने के फायदे

इंसुलिन का पानी पीने के फायदे कई हैं। कई शोध बताते हैं कि नियमित रूप से इन पत्तियों का सेवन शरीर में ऐसी स्थिति पैदा करता है कि जिससे शरीर को लगता है कि इंसुलिन बढ़ गया है और इसके हिसाब से शुगर पचने लगता है। इसके अलावा इन पत्तियों में एंटीबैक्टीरियल, मूत्रवर्धक और कुछ एंटी इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं।

बच्चों के लिए भी जरूरी है योगाभ्यास

बदलते लाइफस्टाइल के चलते बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि बच्चे भी कई गंभीर समस्याओं के शिकार हो रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि योग से अपने तन मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। अगर हम अपने बच्चों को बचपन से ही योग करने की आदत डालते हैं, तो उनके कई खतरनाक बीमारियां दूर रहेंगी। नियमित रूप से योग करने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास काफी अच्छा रहेगा। इसलिए योग सिर्फ व्यस्कों और बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि बच्चों को भी नियमित रूप से करना चाहिए। लेकिन बच्चों को योग कराते समय ध्यान देने की आवश्यकता होती है। आइए जानते हैं बच्चों को योग कराना कितना है जरूरी और उन्हें योग कराते समय किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

बच्चों के लिए योग

सबसे पहले बच्चों के बैठने का तरीका देखें, उन्हें योग के आसन पर कमर सीधी करके बैठने के लिए कहें।

खड़े होने वाले योगासन में एकदम सीधा खड़ा होने के लिए कहें।

योग के दौरान बच्चों को लंबी सांस लेने के लिए कहें, इससे योग का भरपूर लाभ उन्हें मिलेगा।

योग कराते समय बच्चों को बीच-बीच में योग के महत्व और फायदे बताएं।

बच्चों को योग कराते समय उच्चारण कराएं, इससे वे मनोरंजन का एहसास करेंगे।

अगर हम अपने बच्चों को बचपन से ही योग करने की आदत डालते हैं, तो उनसे कई खतरनाक बीमारियां दूर रहेंगी। नियमित रूप से योग करने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास काफी अच्छा रहेगा।

बच्चों के लिए योग के फायदे

योग करने से बच्चे अधिक सक्रिय बनते हैं। इतना ही नहीं, इससे उनका शरीर लचीला बनता है। इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है और इससे हम कई बीमारियों से बच पाते हैं।



योग करने से बच्चों का ध्यान केंद्रित होता है और इससे बच्चों के मस्तिष्क का विकास अच्छे तरीके से होता है।

इससे बच्चे आत्मनिर्भर और एक्टिव रहते हैं।

मौसमी बीमारियों से बचे रहते हैं।

मेडिटेशन और सूर्य नमस्कार करने से चंचल बच्चों का मन शांत होता है।

योगासन से बच्चे तनावग्रस्त और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से बचते हैं।

योग के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें

योगासन करते समय बच्चों का पेट खाली होना चाहिए।

सप्ताह में कम से कम 5 दिन बच्चों को योग जरूर कराएं।

बच्चों को एक साथ अधिक एक्सरसाइज ना कराएं, बल्कि धीरे-धीरे योगाभ्यास करवाएं। जैसे शुरू के सप्ताह में सिर्फ 15 मिनट, दूसरे सप्ताह में 30 मिनट तक योग कराएं।

योग के दौरान बच्चों को बीच-बीच में रिलैक्स करने के लिए कहें।

श्री हरि के चौथे अवतार

भगवान नरसिंह

21 मई को मनाई जाएगी नरसिंह जयंती

शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

